करुणा बरसा हे भवानी

करुना बरसाओ हे भवानी आ भी जाओ,
तेरे बिना सुना अंगना मैया आ मैया आ......-2

जगराता है आज भवानी झूम झूम दिल गाये,
दर्श दिखा दो आ जाओ माँ अमृत को छलकाये,
कल्याणी हो काँगडे वाली नैना देवी आओ,
तेरे रूप अनेको मैया भगवती जल्दी आओ,
आओ माँ आ भी जाओ,
करुना बरसाओ हे भवानी आ भी जाओ,
तेरे बिना सुना अंगना मैया आ मैया आ.........

तेरी ममता की माँ हमने देखे खूब नजारे,
उचे उचे भवनों पे माँ गूंज रहे जयकारे,
जो भी आया सब कुछ खो कर तूने उसे हसाया,
खुशियों से झोली भर्ती हो कितना प्यार समाया,
आओ माँ आओ माँ,
करुना बरसाओ हे भवानी आ भी जाओ,
तेरे बिना सुना अंगना मैया आ मैया आ.........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23775/title/karuna-barsao-hey-bhawani

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |